हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–321 : जौनपुर, बुधवार 06 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

पीएम मोदी से मिले पवार : इससे पहले एनसीपी प्रमुख के घर जाकर मिले थे गडकरी

नई दिल्ली ब्यूरो : महाराष्ट्र को लेकर एक बार फिर सियासी अटकलें तेज हो गई हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के अपने गृह राज्य की सियासत में सक्रिय होने की खबरों के बीच बीती रात राकांपा प्रमुख शरद पवार के दिल्ली स्थित निवास पर रात्रिभोज हुआ। इसमें गडकरी के अलावा कांग्रेस विधायक व शिवसेना नेता संजय राउत भी मौजूद थे। इस बीच, राकांपा प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को संसद भवन में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। रिपोर्ट के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी व राकांपा प्रमुख पवार के बीच यह मुलाकात करीब 20 मिनट चली। महाराष्ट्र विधानसभा के पहली बार निर्वाचित विधायकों को लोकसभा सचिवालय द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण में शामिल होने दिल्ली बुलाया गया है। इस मौके पर शरद पवार ने इन्हें मंगलवार रात डिनर पर आमंत्रित किया था। यह प्रशिक्षण 5 व 6 अप्रैल को रखा गया है। मंगलवार शाम को राज्यसभा सदस्य राउत ने इन विधायकों को अपने निवास पर चाय पर बुलाया था। महाराष्ट्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा है कि इस मौके पर हमने भी रात्रिभोज रखा। ये सब मात्र सौजन्य भेंट है। महाराष्ट्र को लेकर भाजपा लगातार सक्रिय है। अपनी पुरानी साथी शिवसेना द्वारा दो साल पहले साथ छोड़ने व उसके धुर विरोधी दलों कांग्रेस तथा राकांपा के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी एमवीए सरकार बनाने के बाद से उसकी गठबंधन सरकार से तकरार जारी है। कांग्रेस के असंतुष्टों पर भाजपा की नजर उधर, भाजपा की नजर कांग्रेस के असंतुष्टों पर है। बीते दिनों 25 कांग्रेस विधायकों ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर गठबंधन सरकार में शामिल पार्टी के मंत्रियों द्वारा उनकी उपेक्षा का

आरोप लगाया है। यदि उनकी नाराजगी और बढ़ती है और वे बगावत पर उतरते हैं तो भाजपा उन्हें अपने पाले में लेने में देर नहीं करेगी। जहां तक सवाल शिवसेना का है तो उसका व भाजपा का मेल अभी मुश्किल नजर आता है। उधर राकांपा भी अपने कई नेताओं के जांच एजेंसियों के घेरे में होने को लेकर केंद्र से खफा है। उप मुख्यमंत्री अजीत पवार, मंत्री नवाब मलिक पर शिकंजा कसा जा चुका है तो शिवसेना सांसद संजय राउत की भी संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं। राज ठाकरे के सक्रिय होने से हलचल उधर, जहां भाजपा की ओर से नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र में सक्रियता बढ़ाई है, वहीं, शिवसेना प्रमुख व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के चचेरे भाई तथा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना 'मनसे' के प्रमुख राज ठाकरे भी ताल ठोंकते नजर आ रहे हैं। लंबे अरसे बाद उन्होंने मस्जिदों में तेज आवाज में लाउड स्पीकर बजाए जाने पर आपत्ति जताते हुए इन पर कार्रवाई की मांग की है। इन हालातों से लग रहा है कि महाराष्ट्र में नए सियासी समीकरण बन सकते हैं।

भारतीय जनता पार्टी जौनपुर ने झण्डा फहराकर एव शोभायात्रा निकालकर मनाया स्थापना दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी जौनपुर में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश द्विवेदी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर भारत माता की जय एव बन्दे मातरम के उदघोष के साथ भाजपा का झंडा फहराया गया और पटाखा जलाकर खुशी व्यक्त किया। उसके उपरांत भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी एवं राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चन्द्र यादव के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कार्यालय से होते हुये खरका कालोनी में स्थित दीन दयाल पार्क पहुँचकर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उसके बाद शोभायात्रा खरका चौराहे पर पहुँची जहाँ पर महात्मा गांधी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किये उसके उपरांत शोभा यात्रा अंबेडकर चौराहा पर पहुंचकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उसके बाद शोभायात्रा कलेक्ट्रेट की तरफ बढ़ी, कलेक्ट्रेट पहुंचकर विकास भवन में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उसके उपरांत शहीद स्थल पर माल्यार्पण किया उसके उपरांत शोभा यात्रा भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर पहुंची, जहां पर पहले से लगे एलईडी पर प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। पीएम मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम देश के विकास के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं सबका साथ, सबका विकास के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। परिवारवादियों ने देश को आगे नहीं बढ़ने दिया परिवारवादी दल लोकतंत्र की बड़ी दुश्मन हैं। आगे कहा कि बीजेपी एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मंत्र पर चल रही है 4 राज्ध्यों में बीजेपी की डबल इंजन सरकार लौटी है उन्ह्होंने कहा कि इस बार का बीजेपी का स्थापना दिवस तीन

कारणों से अहम है पहला कारण इस समय हम देश की आजादी का अमृत महोत्ध्सव मना रहे हैं दूसरा कारण तेजी से बदलती हुई वैश्विक परिस्थितियां भी हैं तीसरा भारत के लिए नए अवसर लगातार आ रहे हैं, उन्ह्होंने कहा कि लोगों का जीवन आसान बनाना ही हमारी प्राथमिकता है हम देश के विकास के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं, पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवादियों ने देश को आगे नहीं बढ़ने दिया, परिवारवादी दल लोकतंत्र के बड़े दुश्मन हैं परिवारवाद के खिलाफ बीजेपी अकेले बोलती है, देश भी परिवारवादी पार्टियों को समझ रहा है बीजेपी का महासंघर्ष चलता रहेगा परिवारवादी पार्टियों ने युवाओं को आगे नहीं बढ़ने दिया उनके साथ विश्ध्वासघात किया है। उसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने अपने उद्बोधन में कहा कि तीन–चार पीढ़ियों ने खुद को खपाकर भाजपा को यशस्ध्वी पार्टी बनाया है। उसके उपरान्त सभी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर स्थापना दिवस मनाये। आये हुये कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पीएम नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर माइक्रो डोनेशन के तहत पार्टी फण्ड में डोनेशन किया। अंत मे जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह आये हुए कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा किया। उक्त अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र सिंह, सुशील उपाध्याय, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, विधान परिषद सदस्य प्रत्याशी बृजेश सिंह प्रिंशु, जिला महामंत्री सुशील मिश्र, पीयूष गुप्ता, सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, सुरेन्द्र सिंघानियां, राकेश वर्मा, संदीप सरोज, जिला मंत्री राजू दादा, उमाशंकर सिंह, अभय राय, राज पटेल, अवधेश यादव, प्रमोद यादव, जिला कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा, धनन्जय सिंह, नीरज सिंह, आमोद सिंह, विपिन द्विवेदी, विनीत शुक्ला, सिद्दार्थ राय, रोहन सिंह, नरेंद्र उपाध्याय, रागिनी सिंह, अनिल गुप्ता, दिव्यांशु सिंह, अजय सरोज, सुरेश धुरिया, मेराज हैदर, श्रीप्रकाश पाण्डेय बड़कऊ, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, सुशांत चौबे, संजीव गुप्ता, अवनीश यादव, बटेश्वर सिंह, मनीष त्रिपाठी, विनय सिंह, जितेंद्र सिंह, आशीष गुप्ता, ब्रह्मेश शुक्ला, राहुल दुबे, रविकांत सिंह, घनश्याम यादव, नीरज मौर्या, उर्वशी सिंह, निकिता मौर्या सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

थाना सुजानगंज व महराजगंज और सिंगरामऊ की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ं में चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के प्रवेक्षण में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–48/2022 धारा–392/411 भा0द0वि0 थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर व मु0अ0सं0–24/2022 धारा–392/411/506 भा0द0वि0 थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर के अभियोग में संलिप्त अभियुक्तगण 1. विपीन यादव पुत्र महेश प्रसाद यादव निवासी ग्राम खड़ारी थाना पवारा जनपद जौनपुर 2.दीपक यादव पुत्र रमाशंकर यादव निवासी ग्राम बीबीपुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर 3 राजेश पटेल पुत्र सालिकराम निवासी ग्राम खड़ारी थाना पवारा जनपद व सत्यम तिवारी पुत्र रविन्द्र नाथ तिवारी ग्राम थलोई थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर को उमरपुर नहर पुलिया के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान छीनी गयी मोटर साइकिल प्लेटिना व मोबाइल सेट के साथ गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा किये गए आत्मरक्षार्थ फायर में दीपक यादव के पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी से जनपद में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। पंजीकृत अभियोग का विवरणः– मु0अ0सं0–52/ 2022 धारा–307 भा0द0वि0 थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। मु0अ0सं0–53/2022 धारा–3/25 आ0एक्ट थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः– 1.विपीन यादव पुत्र महेश प्रसाद यादव निवासी ग्राम खड़ारी थाना पवारा जनपद जौनपुर। 2.दीपक यादव पुत्र रमाशंकर यादव निवासी ग्राम बीबीपुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 3 राजेश पटेल पुत्र सालिकराम निवासी ग्राम खड़ारी थाना पवारा जनपद। 4. सत्यम तिवारी पुत्र रविन्द्र नाथ

तिवारी ग्राम थलोई थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरणः– 1.एक प्लेटिना मोटरसाइकिल। 2.एक डिस्कवर मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त)। 3.एक डप कम्पनी का मोबाइल सेट। 4.7500 रूपया नगद सिंगरामऊ लूट का। 5.दो तमंचा 315 बोर मय दो खोखा कारतूस व 5 जिंदा कारतूस 315 बोर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1.प्र0नि0 श्री विश्वनाथ यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री ईश्वरचन्द्र त्रिपाठी थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 3.उ0नि0 श्री शिवपूजन थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 4.हे0का0 रामाकान्त यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 5. हे0का0 अरूण यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर । 6.हे0का0 अनिल यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 7.का0 शिवप्रताप चौहान थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 8.का0 मनीषा चौहान थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर। 9. उ0नि0 श्री रमेश कुमार थानाध्यक्ष महराजगंज। 10.का0 ईश्वर कुमार थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 11. का0 अजीत कुमार थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 12. हरीश कुमार थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 13. का0 सुमित यादव थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 14. उ0नि0 श्री कमलेश कुमार थानाध्यक्ष सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। 15. हे0का0 संदीप कुमार यादव थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। 16. का0 लक्ष्मण कुमार थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर। 17. का0 सोमेश्वर सिंह थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर।

दिल्ली में आज फिर बढ़े सीएनजी के दाम : जानिए कितनी देनी होगी कीमत

नई दिल्ली ब्यूरो : देशभर में बीते दो हफ्तों से लगातार बढ़ रहे पेट्रोल–डीजल के दाम ने जहां जनता का बजट बिगाड़ रखा है, वहीं दिल्ली–एनसीआर की बड़ी आबादी जिस ईंधन पर निर्भर है यानी कंप्रेस्ड नेचुरल गैस उसकी बढ़ती कीमतें भी लोगों की जेब पर बोझ डाल रही हैं। बुधवार को सीएनजी की कीमतें एक बार फिर बढ़ गई हैं। दिल्ली में सीएनजी के दाम में हुई 2.50 रुपये की बढ़ोतरी के बाद नई कीमतें 66. 61 रुपये प्रति हो गई हैं। दिल्ली ही नहीं एनसीआर में भी बढ़े दाम सीएनजी के दामों में हुई बढ़ोतरी सिर्फ दिल्ली ही नहीं एनसीआर के भी शहरों में देखने को मिली है। मालूम हो कि दिल्ली से सटे नोएडा में बीते दो दिनों में सीएनजी की कीमतों में 5 रुपये तक की वृद्धि हुई है। फिलहाल यहां सीएनजी की कीमत 69.18 प्रति किलो है। वहीं गुरुग्राम में यह दाम 72.45 रुपये प्रति किलो है। पेट्रोल–डीजल के दाम में भी हुई बढ़ोतरी तेल कंपनियों की तरफ से आज फिर पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोल के दाम 74 से 84 पैसे तक बढ़े हैं तो डीजल के दाम भी 75 से 85 पैसे तक बढ़े हैं। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। आकड़ों की नजर में प्रतिलीटर पेट्रोल व प्रतिकिलोग्राम सीएनजी पर चलने वाले वाहन छह महीने पहले दिल्ली में पेट्रोल का दाम 107.59 रुपये प्रति लीटर पर पहुंचा था। छह महीने पहले दिल्ली में सीएनजी का दाम 45.5 रुपये प्रति किलो था। वाहन पर प्रति किलोमीटर खर्च एक लीटर पेट्रोल में बाइक 35–45 किलोमीटर चलती है। औसत 2 रुपया प्रति किलोमीटर। एक लीटर पेट्रोल में पेट्रोल कार 20–25 किलोमीटर चलती है। औसत 5 रुपया प्रति किलोमीटर। एक किलोग्राम सीएनजी में सीएनजी कार 20–24 किलोमीटर चलती है। औसत 2 रुपया प्रति किलोमीटर। नोटःपिछले साल पेट्रोल का भाव घटते–बढ़ते रहा दिल्ली में पेट्रोल का दाम 105.41 रुपये प्रति

लीटर दिल्ली में सीएनजी का दाम 66.61 रुपये वाहन पर प्रति किलोमीटर खर्च एक लीटर पेट्रोल में बाइक 35–45 किलोमीटर चलती है। औसत 2 रुपया प्रति किलोमीटर। एक लीटर पेट्रोल में पेट्रोल कार 20–25 किलोमीटर चलती है। औसत 5 रुपया प्रति किलोमीटर। एक किलोग्राम सीएनजी में सीएनजी कार 20–24 किलोमीटर चलती है। औसत 3 रुपया प्रति किलोमीटर फरीदाबादः आज करीब 30 हजार ऑटो चालक करेंगे हड़ताल पेट्रोल, डीजल व सीएनजी के बढ़े दर को लेकर बुधवार को फरीदाबाद के लगभग सभी ऑटो चालक हड़ताल पर रहेंगे। इससे औद्योगिक नगरी स्थित करीब 24 हजार इकाइयों में काम कर रहे हजारों कर्मचारियों को ड्यूटी करने में परेशानी होगी। उन्हें निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ सकता है। हरियाणा ऑटो रिक्शा यूनियन के प्रधान वासुदेव ने बताया कि फरीदाबाद में 30 हजार के आससपास ऑटो परिचालित हो रही है। डीजल, पेट्रोल व सीएनजी में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसके चलते ऑटो चालकों के मजबूरन किराया भी बढ़ाना पड़ा है। इससे सवारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा बुधवार को सभी ऑटो चालक हड़ताल पर रहेंगे। एनआईटी स्थित दशहरा मैदान में एकत्रित होकर सभी सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करेंगे। साथ ही परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को ज्ञापन सौंपेगे। उन्होंने बताया कि हड़ताल शांति पूर्ण रहेगा।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

सरैया डिस्टिलरी के श्रमिक आंदोलन की राह पर : आठ माह से नही मिला श्रमिको का वेतन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : चौरीचौरा क्षेत्र के सरैया डिस्टिलरी के श्रमिक बकाए वेतन भुगतान सहित पांच सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर है। धरना का आज दूसरा दिन है। श्रमिको का कहना है कि कंपनी के अधिकारी अपने रूम से बाहर नही निकल रहे है। उनका आठ माह से लाखो रुपए वेतन फंसा है। उनके बच्चो की फीस नही जमा हो पा रहा है। बीते 4 अप्रैल को एसडीएम, उपश्रमायुक्त और सीएम कैम्प कार्यालय में पत्र दिया है। लेकिन अभी तक श्रमिको का दर्द सुनने कोई नही पहुंचा। प्रबंधन व श्रमिको से वार्ता होने पर ही रास्ता निकल सकेगा। लेकिन प्रबंधन श्रमिको से कोई वार्ता नही कर रहा है। इससे माहौल खराब हो सकता है। सम्बंधित प्रशासनिक अधिकारी इसे संज्ञान में ले।

जिला सहकारी गन्ना समिति मेहरावां का विलय करने हेतु स्वीकृति के लिये साधारण सभा का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 05 अप्रैल 2022 को पूर्व निर्धारित एजेण्डा के अनुसार सहकारी गन्ना विकास समिति लि. शाहगंज में जिला सहकारी गन्ना समिति मेहरावां का विलय करने हेतु स्वीकृति के लिये साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता के लिए शिव पूजन यादव, पूर्व निदेशक का नाम सर्व सम्मति से लिया गया। बैठक के मुख्य बिन्दु मेहरावां समिति का शाहगंज गन्ना विकास समिति में विलय पर विचार करते हुए कुछ सदस्यों ने आशंका व्यक्त की कि इस विलय से समिति शाहगंज पर आर्थिक भार न पड़े जिस पर सचिव शान्तनु चक्रवर्ती ने सभी को समझाया कि समितियों के एकीकरण से शाहगंज समिति के क्रय केन्द्रों की संख्या बढ़ेगी व समिति को चीनी मिलों से अपनी बात मनवाने में सुविधा होगी तथा समिति पर पड़ने वाला आर्थिक भार भी नगण्य होगा व समिति अपने उदेश्यों की पूर्ति करने में सक्षम होगी। जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से विलय के प्रस्ताव का समर्थन किया। बैठक में सचिव शाहगंज शान्तनु चक्रवर्ती, नरेन्द्र सिंह, सूबेदार यादव, अनिल सिंह, इन्द्रजीत यादव, राम अपर बल यादव, जय प्रकाश वर्मा, जियालाल यादव व रामकृपाल यादव आदि उपस्थित रहे। इस विषय में जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दी की ने अवगत कराया कि दोनों गन्ना समितियों की साधारण सभा में उ.प्र. सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा 15 में दी गई व्यवस्था के अन्तर्गत विलय के पक्ष में प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। अतः प्रस्ताव अग्रेतर कार्यवाही हेतु आयुक्त, गन्ना एवं चीनी तथा निबन्धक सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियां उ. प्र. को प्रेषित किया जायेगा।

महानगर थाना क्षेत्र में अंडरवर्ल्ड माफिया मकबूल अहमद के अपार्टमेंट पर चला बुलडोजर

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ विकास प्राधिकरण के द्वारा बुधवार को ठाकुरगंज और महानगर थाना क्षेत्र में बिना मानचित्र के अनाधिकृत रूप से भवन का निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। महानगर थाना क्षेत्र के न्यू हैदराबाद में आर्य कन्या पाठशाला स्कूल के पास स्थित

अपार्टमेंट पर जून 6 प्रवर्तन अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में तोड़ने की कार्रवाई शुरू हुई। उन्होंने यह अपार्टमेंट अंडरवर्ल्ड माफिया मकबूल अहमद का बताया। राजीव कुमार के मुताबिक अंडरवर्ल्ड माफिया मकबूल अहमद इस वक्त फरार है। अपार्टमेंट को तोड़ते समय उसके परिवार का कोई भी सदस्य मौके पर नहीं मिला ।इस अपार्टमेंट में 10 फ्लैट और एक दुकान है। उधर, ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के सलमान गार्डन गार्डन में फरीदा बेगम ने 2000 वर्ग फीट पर तीन मंजिल का मकान बिना मानचित्र के बनवाया था। इसके साथ ही चौथे तल पर भी निर्माण कराया गया था। इस अवैध निर्माण पर भी एलडीए ने फरीदा बेगम को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के बाद न्यायालय ने अवैध निर्माण को तोड़ने का आदेश दिया था। जिस पर बुधवार सुबह प्रवर्तन अधिकारी कमलजीत सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई शुरू की गई।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जो गुजर चुका है उसे पीछे मुड़कर मत देखो वर्ना जो आगे मिलनें वाला है उसे भी खो दोगे।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

पाकिस्तान के विफल नायक, इमरान खान की राजनीतिक पारी के आखिरी ओवर

वर्ष 1992 के विश्व कप क्रिकेट के राष्ट्रीय नायक रहे इमरान खान ने अपनी मौजूदा राजनीतिक पारी के आखिरी ओवर में सिर की ऊंचाई से छह फीट ऊपर से ऐसी अवैध बाउंसर गेंदबाजी की, जो विपक्षी दलों–पीएमएल (एन), पीपीपी, और एमक्यूएम (पी) के नेताओं को तो छू नहीं पाई, लेकिन मैकियावेली शैली से उन्हें मात दे दी। यह किसी भी तरह से उनकी स्विंग योर्कर नहीं थी, लेकिन इसने पाकिस्तान के संविधान का मखौल उड़ाया और उन्हें उन क्रिकेट कप्तानों की श्रेणी में ला दिया, जिन्होंने खेल के नियम तोड़कर अपनी गरिमा खो दी।

41 साल पहले जब गेंद से छेड़छाड़ को कानूनी मान्यता थी, तब इमरान खान का सामना करना आसान नहीं होता था। अब उन्होंने गेंद के साथ छेड़छाड़ की है (जब इसकी अनुमति नहीं है), और संसद में संख्या बल के खेल में हारने के बाद अपना अस्तित्व बचाने के लिए संयुक्त विपक्ष को क्लीन बोल्ड करने की कोशिश की, जो लोकतंत्र के सिद्धांतों को खत्म करने का नग्न और भौंडा प्रयास था। अब पाकिस्तान के लोगों की उम्मीदें मुल्क के सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हैं, जो पाकिस्तान के पहले से ही कमजोर लोकतंत्र के उद्धारकर्ता के रूप में कार्य कर सकता है।

पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नेशनल असेंबली को भंग करने के संबंध में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति द्वारा दिए गए सभी आदेश और कार्य अदालत के फैसले के अधीन होंगे। मौजूदा सांविधानिक संकट में मुख्य न्यायाधीश की प्रतिक्रिया सर्वोपरि और प्रासंगिक है। सुप्रीम कोर्ट मौजूदा परिस्थितियों में राष्ट्रपति द्वारा नेशनल असेंबली भंग किए जाने की वैधता की जांच करेगा। इमरान खान एक विभाजित व्यक्तित्व हैं, जिन्हें विरोधाभासों और असमानताओं के मिश्रण के रूप में वर्णित किया जा सकता है और जिनकी मैकियावेली शैली का अंदाजा सेना और विपक्ष को डराने के लिए अपनाई गई हालिया रणनीति से लगाया जा सकता है।

लंदन में पढ़ाई के दौरान उन्हें प्लेबॉय के रूप में जाना जाता था, क्योंकि वह अक्सर सुपर मॉडल्स की संगत में रहते थे और विलासितापूर्ण जीवन जी रहे थे। 43 साल की उम्र तक वह अविवाहित रहे और उसके बाद उन्होंने तीन शादियां कीं। अपने मुल्क के शीर्ष पद पर पहुंचने की उनकी यात्रा और सत्ता से चिपके रहने की उनकी बेताब पैंतरेबाजी सिनेमा की पटकथा से मिलती–जुलती है, जो हमेशा सच्चाई और जमीनी हकीकत से दूर होती है। विडंबना देखिए कि कभी इमरान खान को खेल भावना का अवतार माना जाता था और वह खेल की गरिमा की रक्षा के लिए हद से आगे चले जाते थे।

उन्होंने 1989 में लाहौर में दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों–भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे एकदिवसीय मैच में के. श्रीनाथ को वापस मैदान में बुला लिया था, जिन्हें वकार यूनिस की गेंद पर एंपायर ने गलत ढंग से एलबीडब्ल्यू करार दिया था, जिससे पूरी दुनिया स्तब्ध थी। लेकिन उनकी गरिमा का पतन देखिए, अब इमरान ने अपने कथित 'आश्चर्यजनक कदम' के जरिये संविधान को अमान्य कर दिया है। ऑक्सफोर्ड से पढ़े–लिखे 69 वर्षीय पश्तूनी राजनेता ने 2021 में अविश्वास मत जीता था, जो तब उन्हें मंजूर था, लेकिन बीते रविवार को संसद में जब उनकी हार तय थी, तो उनकी मानसिकता बदल गई।

उन्हें मात्र 142 सांसदों का समर्थन था, जबकि विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद 342 सीटों वाली संसद में 199 सांसदों के साथ दुनिया के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित की थी, जिसमें सत्ताधारी दल के 24 दलबदलू सदस्य भी शामिल थे। इमरान का 'नया पाकिस्तान' का सपना तभी चकनाचूर हो गया था, जब उनकी सरकार गंभीर आर्थिक संकट से निपटने, आसमान छूती महंगाई, मुद्रास्फीति के उच्चतम स्तर, बिगड़ती कानून–व्यवस्था और विदेश नीति जैसे सभी मोर्चों पर विफल साबित हुई थी।

इमरान खान की सरकार ने बढ़ती महंगाई और विशेष रूप से चीन से लिए गए कर्ज के कारण जनता का भी समर्थन खो दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि इमरान ने अपनी पराजय के लिए 'विदेशी साजिश' (अमेरिका) जैसे कारक को दोषी बताकर देशवासियों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश की, जिसका उद्देश्य आगामी चुनावों के लिए जमीन तैयार करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने इस दावे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे कल्पना की उपज बताया।

वर्ष 2018 के चुनाव जीतने में सेना ने उनकी पूरी मदद की थी, इसलिए विपक्ष ने हमेशा उन्हें सेना के हाथ की 'कठपुतली' बताया। लेकिन सेना के साथ उनके संबंध तब बिगड़ गए, जब इमरान ने सेना को बांटने और शासन करने की रणनीति अपनाई। इमरान ने आईएसआई प्रमुख की नियुक्ति पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया, हालांकि बाद में उन्हें झुकना पड़ा, लेकिन इमरान और बाजवा के बीच खाई चौड़ी हो गई। दूसरी बात, जब इमरान ने अमेरिकी साजिश की बात की, तो उसे बाजवा ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अमेरिका के साथ पाकिस्तान के अच्छे रिश्ते हैं।

यह सेना और इमरान खान के बीच दरार का सबूत था, जो सार्वजनिक हो गया। इमरान पाकिस्तान के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हो सकते हैं, जिन्होंने सेना को चुनौती देने का साहस किया, जिसने उनके पतन का मार्ग प्रशस्त किया। तीसरी बात, बाजवा ने बहुत पहले एक सिद्धांत पेश किया था, जिसमें उन्होंने अतीत को भूलकर पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारने और आर्थिक मुद्दों पर ध्यान देने की बात कही थी। अगर सुप्रीम कोर्ट डिप्टी स्पीकर एवं राष्ट्रपति के फैसले को खारिज करता है और विपक्ष वहां सरकार बनाने में सफल होता है, तो बाजवा की सेवा को एक और विस्तार मिलना तय है और वह अपने सिद्धांत को आगे बढ़ाएंगे, जो भारत के लिए स्वागत योग्य कदम होगा।

संसद में प्रधानमंत्री और विपक्ष के बीच गतिरोध के दौरान सेना 'तटस्थ' थी, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से इमरान ने कहा कि केवल जानवर ही तटस्थ रहते हैं। इस बयान ने उनकी नियति तय कर दी और उसके बाद तो जो हुआ, वह अपने आप में इतिहास है, जो धीरे–धीरे सामने आया है। विश्लेषकों का कहना है कि अगर इमरान खान अदालत में यह लड़ाई हार जाते हैं, तो यह चीन के लिए एक बड़ा झटका होगा। दूसरी तरफ, इमरान के चलते अमेरिका के साथ पाकिस्तान के रिश्ते पूरी तरह खराब हो गए हैं। अस्थिर पाकिस्तान भारत के हित में नहीं है और यदि वहां नई सरकार आती है, तो बाजवा का सिद्धांत लागू हो सकता है, और द्विपक्षीय रिश्तों में थोड़ी–सी उम्मीद जग सकती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

राजधानी के व्यापारियों एवं पत्रकारों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वास्थ्य संगोष्ठी आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल, बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी के व्यापारियों एवं पत्रकारों तथा उनके परिजनों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच हेतु मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं मेदांता अस्पताल प्रशासन के आलोक खन्ना ने मेगा स्वास्थ्य शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि कोविड–19 के बाद से अनेक लोगों में फेफड़ों की समस्याएं आती है ऐसे में इस स्वास्थ्य जांच शिविर में फेफड़ों की जांच हेतु च्थ्ज, हड्डियों की अत्याधुनिक जांच हेतु ठडक जमेज,छाती का एक्सरे, ईसीजी, बी पी, मैमोग्राफी, आर बी एस, बी एम आई आदि जाचे निःशुल्क की जाएगी संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ने बताया इस अवसर पर स्वास्थ्य संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया है जिसे मेदांता हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा संबोधित किया जाएगा तथा व्यापारियों एवं पत्रकार बंधुओं को मेदांता हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों



द्वारा सामान्य रोग, हड्डी रोग, हृदय रोग ,पेट रोग के लिए निःशुल्क परामर्श भी दिया जाएगा संगठन के लखनऊ महामंत्री विजय कनौजिया, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन पूर्वी क्षेत्र के विधायक आशुतोष टंडन द्वारा किया जाएगा तथा इस अवसर पर मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता सहित संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे तथा यह जांच शिविर प्रातः 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगा।

जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड दूबेपुर में नव निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का किया गया निरीक्षण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा मंगलवार को 50 लाख से अधिक निमार्णाधीन परियोजना अन्तर्गत नव निर्माणाधीन मेडिकल कालेज दूबेपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कार्य की प्रगति एवं उसकी गुणवत्ता को परखा गया तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्था आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड दूबेपुर की ग्राम पंचायत लखीमपुर में एस. बी.एम. फेज–2 के अन्तर्गत निर्मित 05 शौंचालयों का सत्यापन कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। तत्पश्चात डीएम व सीडीओ द्वारा ग्राम में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत उदयराज पुत्र श्यामलाल के आवास का भौतिक सत्यापन किया गया तथा संचारी रोग के नियंत्रण हेतु दिशा निर्देश देते हुए दो दिवस के अन्दर ग्राम में निर्मित सम्पूर्ण नाली की साफ–सफाई व जल भराव वाले क्षेत्रों में कीट नाशक दवाओं का छिड़काव कराये जाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी सत्यनरायन सिंह, संयुक्त

खण्ड अधिकारी, इशरत रोमल, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), चन्द्रभूषण दूबे, ग्राम विकास अधिकारी मन्नू कुमार सहित जिला समन्वयक अभिषेक सिंह व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं और जनता के स्नेह से भारतीय जनता पार्टी ऊंचाइयां छू रही है: सौरभ मिश्र नीरज

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी का ४२वा स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज के नेतृत्व में नगर में निकली पैदल यात्रा। सुबह ६ बजे पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओ के बीच किया झंडारोहण। पैदल मार्च जिला कार्यालय से लखनऊ रोड होते हुए सिनेमा चौराहे से वापस कार्यालय पर समाप्त हुआ। कार्यकर्ताओ में पार्टी की विधानसभा में जीत का जोश दिखाई दे रहा था। भारत माता, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई, मुरली मनोहर जोशी, लाल कृष्ण आडवाणी के नारे जोर शोर से कार्यकर्ताओ ने लगाए। साथ ही जिला कार्यालय पर भाजपा के लिए माइक्रो डोनेशन अभियान की शुरुआत जिला अध्यक्ष ने ऑनलाइन पार्टी फंड में दान करके की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी को पांच रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक का दान ऑनलाइन किया जा सकता है। सभी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि बूथ तक के कार्यकर्ताओं बीच जाकर स्वेच्छा से ऑनलाइन डोनेशन ले। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के पुरोधा प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और आज भारत में लगभग हर जगह कमल खिल रहा है। किसी ने नहीं सोचा था कि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनेगी, पार्टी ने हरदोई में एक रिकॉर्ड कायम कर दिया जो कि इतिहास में हमेशा एक लिए दर्ज हो गया। दो लोकसभा, ८ विधानसभा, २ एमएलसी, नगर पालिका, जिला पंचायत ब्लाक प्रमुख आदि ऊपर से लेकर नीचे तक सब भाजपा मय हो गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज भाजपा जिस ऊंचाइयों को छू रही है उसमे कार्यकर्ताओ का खून पसीना और जनता का विश्वास और स्नेह शामिल है। विपरीत परिस्थितियों में बिना डरे बिना झुके भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए २ सदस्यों से शुरुआत की थी, जो आज देश की सबसे बड़ी पार्टी और केंद्र में तीसरी बार बहुमत की सरकार बनाकर गरीबों और पिछड़ों के सम्मान और विकास में तन मन से लगी हुई है। देश भ्रष्टाचार, जातिवाद, भाई भतीजावाद और गरीबी हटाओ के दिखावटी नारों अजीज आ चुका था, बाते तो

बहुत होती थी पर इच्छाशक्ति किसी में नहीं थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुजुर्गों के आशिर्वाद और युवाओं का साथ लेकर पक्के इरादों के साथ मायूसी भरे माहौल को बदलने का साहस किया। आज इसका परिणाम पूरे भारतवर्ष में देखने को मिला रहा है। स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देश भर के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जिसे सभी कार्यकर्ताओं द्वारा एल ई डी के माध्यम से सुना गया। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र विद्याराम वर्मा राम बहादुर सिंह नगर पालिका चेयरमैन सुख सागर मिश्र मधुर पूर्व चेयरमैन उमेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, कर्मवीर सिंह एस पी मौर्या संदीप सिंह संजय सिंह विनोद राठौर जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन अनुराग मिश्र ओम वर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा अवध क्षेत्र पी के वर्मा, जिला मंत्री अविनाश पांडे अजय शुक्ला मंगतराम जय देवी राजपूत मीना वर्मा नीतू चंद्रा जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी कार्यालय मंत्री अतुल सिंह सह मीडिया प्रभारी परेश लोहिया सुनील शुक्ला,जिला व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक नवनीत गुप्ता विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी युमो अध्यक्ष आकाश सिंह ममो अध्यक्ष अलका गुप्ता पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष अनिल राजपूत किमो अध्यक्ष विश्व राज सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सरताज खान उपस्थित रहे।

इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी में पैटर्न संरक्षक ने ली सदस्यता

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सुल्तानपुर में नगर के विवेक नगर मोहल्ला निवासी शीत कुमार दुबे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सामाजिक कार्यों को देखते हुए मंगलवार को जिले के विकास भवन के प्रेरणा सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स को संस्था में पैटर्न संरक्षक की भूमिका के रूप में सदस्यता लेकर निर्धारित सदस्यता शुल्क रुपए 25000/– का चेक, दवा, सैनिटाइजर व मास्क भेंट कर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के 7 मूल सिद्धांतों पर कार्य करने की आस्था जाहिर की। उनके सदस्यता ग्रहण करने पर मुख्य विकास अधिकारी ने संस्था के मापदंडों के तहत कार्य करने की उनकी आस्था पर खुशी जाहिर करते हुए संस्था में बेहतर कार्य करने की उम्मीद जताई, वहीं सचिव, जय प्रकाश शुक्ला ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ मूल सिद्धांतों के तहत संस्था द्वारा अभी तक किए गए सामाजिक कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए सभी सदस्यों को आने वाले भविष्य की चुनौतियों के प्रति तैयार रहने की अपील की। इस अवसर पर संस्था के सचिव जयप्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ लिपिक सुभाष कुमार प्रजापति, संजय दुबे, मीडिया प्रभारी आशुतोष तिवारी, कोमल तिवारी, रुचि पाल, सरस्वती मिश्रा, प्रेम शंकर दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय युवा वाहिनी के प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश बने विनोद कुमार यादव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार मे विनोद कुमार यादव जी को प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश जिम्मेदारी जिम्मेदारी सौंपी जाती है हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप तन मन पूरे उत्तर प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी आपके मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज एवम अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी ज्योति राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदू देव प्रकाश शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश मिश्रा जी राष्ट्रीय शासन प्रभारी श्यामानंद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुलकित आनंद राष्ट्रीय प्रभारी अजय गोस्वामी हिंदू पंडित हृदेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सलाहकार बलराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल एच एन मिश्रा राष्ट्रीय सचिव राजन मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव संस्कृति प्रकोष्ठ मनोज पाठक हिन्दू अनुराग तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिन्दू प्रशांत नीलकंठ अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला राष्ट्रीय संयोजक महिला प्रकोष्ठ निरुपमा मौर्य राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपिका मिश्रा तूलिका त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मंजू त्रिवेदी राष्ट्रीय सचिव महिला प्रकोष्ठ ज्योति

श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश सचिव पूजा पांडे उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश प्रभारी दीपिका राष्ट्रीय अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ श्री श्री 1008 राजीव नाथ योगी जी महाराज श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर आचार्य राम कमल दास जी महाराज प्रभारी उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय प्रभारी मनीष विजयवर्गीय जी प्रदेश अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय प्रभारी कैलाश नाथ सिंघल सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया सभी लोगों ने आशा व्यक्त की आप संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

एसडीएम स्वाति शुक्ला ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : जिलाधिकारी अविनाश चन्द्र के निर्देशन में सवायजपुर उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने बुधवार को नगर के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज समेत क्षेत्र के कई परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा केंद्रों का बारीकी से निरीक्षण किया। बोर्ड परीक्षा को लेकर क्षेत्र में शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने को प्रतिबद्ध उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने सुबह 8बजे से लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए परीक्षा केंद्रों पर बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम सहित परीक्षा कक्षों का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। क्षेत्र के लगभग सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था चाक चौबंद मिली। एसडीएम स्वाति शुक्ला द्वारा प्रधानाचार्य/केंद्र व्यवस्थापक,अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा को शान्ति पूर्ण तरीके से कार्य कराये जाने के निर्देश भी दिये गये। आपको बता दें कि बुधवार को पाली कस्बे के दोनों परीक्षा केंद्र सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज व पंत इण्टरमीडिएट कालेज में प्रथम पाली में हाईस्कूल के अंग्रेजी का पेपर था।हाई स्कूल अंग्रेजी प्रश्नपत्र में दोनों परीक्षा केन्द्रों पर 921 परीक्षार्थियों में से 124 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एसडीएम स्वाति

शुक्ला ने परीक्षा केंद्र पर पहुंच परीक्षा कक्षों आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। कस्बे के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते समय एसडीएम स्वाति शुक्ला के साथ केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट के अलावा न0 पंचायत के अधिशासी अधिकारी अवनीश शुक्ला मौजूद रहे।

बीएचयू में फीस वृद्धि के खिलाफ धरना दे रहे छात्रों ने कुलपति के वाहन को घेरा : सुरक्षाकर्मियों से धक्कामुक्की

वाराणसी ब्यूरो : काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सेंट्रल ऑफिस के सामने बुधवार दोपहर जबरदस्त हंगामा हो गया। फीस वृद्धि के खिलाफ धरना दे रहे छात्र और सुरक्षाकर्मी आमने–सामने आ गए। छात्रों ने सुरक्षाकर्मियों पर पर पैर और जूते से मारपीट का आरोप लगाया है। हंगामे की स्थिति तब उत्पन्न हुई जब बीएचयू कुलपति प्रो. एसके जैन ऑफिस से आवास जाने के लिए निकले। धरने पर बैठे छात्रों ने कार में सवार कुलपति का घेराव करना चाहा। बीएचयू सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह से कुलपति के वाहन को सेंट्रल ऑफिस के गेट तक पहुंचाया। कार के पीछे–पीछे छात्रों का हुजूम भी आया और वाहन को घेरकर नारेबाजी शुरू कर दी। कार में सवार कुलपति को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सुरक्षाकर्मियों को जद्दोजहद करनी पड़ी। सुरक्षाकर्मी छात्रों को हटाना लगे तो, दूसरे छात्र उनकी जगह लेने लगे। इस बीच प्रॉक्टोरियल बोर्ड और छात्रों के बीच तनाव बढ़ता देख बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को बुला लिया गया। कई छात्र कुलपति की गाड़ी आगे लेट भी गए। वहीं सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें जबदस्ती धक्का देकर हटाया। इस दौरान कार चालक ने मौके से निकलने के चक्कर में वाहन की गति तेज कर दी। कार की टक्कर से छात्र को लगी चोट छात्रों ने आरोप लगाया कि बीएचयू प्रॉक्टोरियल बोर्ड के लोगों ने हम लोगों को जूते और लात से मारा है, जिसके

कारण हमारे बहुत से साथी घायल हुए हैं। साथ ही कुलपति की तेज रफ्तार कार से की चपेट में आने से एक छात्र घायल हो गया है। घटना के बाद छात्र आक्रोशित हो उठे और जमकर नारेबाजी करने लगे। वहां रखे कई गमले तोड़ दिए। छात्रों के आक्रोश को देख सुरक्षाकर्मी भी सहम उठे। इस दौरान परिसर में जहां गहमागहमी शुरू हो गई वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक अधिकारी उग्र छात्रों को समझाने बुझाने का प्रयास करते रहे। धरना दे रहे छात्रों का कहना है कि अचानक 400 रुपये फीस बढ़ाई गई है। ऐसे में यह बात निश्चित है कि आने वाले दिनों में फीस में 10 हजार की भी वृद्धि की जा सकती है। इसलिए हमारी मांग है कि यह फीस वृद्धि वापस ली जाए। इस फीस वृद्धि के विरुद्ध हम लोगों ने 28 मार्च को ज्ञापन सौंपा था। दो अप्रैल तक कोई ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए यह वृद्धि वापस लेने की मांग की थी। लेकिन आज छह अप्रैल हो गया लेकिन बीएचयू प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की इस संबंध में कोई बात नहीं कई कई। जब तक यह वृद्धि वापस नहीं ली जाती हम आंदोलन करते रहेंगे।

बीमार पत्नी को ठेले पर ले गया बुजुर्ग : स्वास्थ्य विभाग ने भेजी रिपोर्ट : कहा– पीड़ित ने नहीं किया था एंबुलेंस के लिए फोन

बलिया ब्यूरो : बलिया जिले के ब्लॉक चिलकहर के अंदौर निवासी शुकुल के अपनी बीमार पत्नी को ठेले पर लेकर चार किमी दूर अस्पताल ले जाने का मामला सामने आने के बाद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के निर्देश पर जांच शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग मामले में अपना बचाव करता दिख रहा है। डिप्टी सीएम को भेजी गई प्रारंभिक रिपोर्ट में दिखाया गया है कि पीड़ित ने एंबुलेंस के लिए फोन ही नहीं किया था। अंदौर निवासी शुकुल राजभर की पत्नी जोगिनी देवी (55) की तबीयत खराब चल रही थी। हालत गंभीर होने पर 28 मार्च को शुकुल ने अस्पताल ले जाने के लिए वाहन खोजा, लेकिन नहीं मिला। इस पर वह पत्नी को इलाज के लिए ठेले से चिलकहर पीएचसी ले गए। वहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तब शुकुल वहां से निजी साधन से जिला अस्पताल ले गए, जहां पत्नी की मौत हो गई। इस घटना की फोटो ट्वीटर पर अपलोड होने पर सवाल उठने लगे के यदि शुकुल चिलकहर सरकारी अस्पताल पहुंचे थे तो वहां एंबुलेंस क्यों नहीं उपलब्ध कराई गई? इस बाबत सीएमओ डा. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि जांच में पाया गया कि पीड़ित ने एंबुलेंस के लिए फोन नहीं किया था। वह ठेले पर लेकर अस्पताल पहुंचा था। इसकी प्राथमिक रिपोर्ट भेज दी गई है। फाइनल रिपोर्ट भेजी जानी है। बीमार पत्नी को चार किमी दूर ठेले पर अस्पताल लेकर गया बुजुर्ग मामले में स्वास्थ्य विभाग अपना बचाव करता दिख रहा है। प्रारंभिक रिपोर्ट में विभाग ने कहा है कि पीड़ित ने एंबुलेंस के लिए फोन ही नहीं किया था।

रेलवे रोड पर जूता गोदाम में लगी आग

अलीगढ़ ब्यूरो : अति व्यस्त रेलवे रोड पर विक्रम मार्केट के एक जूता गोदाम में मंगलवार सुबह आग लग गई। इस आग की चपेट में पड़ोस की कपड़े की दुकान भी आ गई। हालांकि कपड़े की दुकान में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। मगर जूता गोदाम में बुरी तरह तहस नहस हो गया। खबर पर पहुंची तीन दमकलों की मदद से करीब आधा घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। रेलवे रोड के मुकुल मित्तल की इंदिरा मार्केट के सामने विक्रम मार्केट में जूतों की दुकान है और ऊपर गोदाम है। सुबह करीब आठ बजे अचानक गोदाम में से लोगों ने आग की लपटें उठती देखीं और कुछ ही देर में आग नीचे दुकान तक पहुंच गई। इस पर वहां अफरा–तफरी मच गई और खबर पर तमाम भीड़ जमा हो गई। खुद मुकुल के अलावा तमाम दुकानदार आ गए। जैसे तैसे आग बुझाने के जतन शुरू हुए। इसी बीच दमकल भी पहुंच गईं। इस दौरान एक कपड़े की दुकान को भी चपेट में लिया। मगर तब तक सब नियंत्रित हो गया। करीब आधा घंटे के प्रयास में दमकलों ने आग पर काबू पाया। अभी तक आग का कारण स्पष्ट नहीं है। शार्ट सर्किट से आग लगना माना गया है। सीएफओ विवेक शर्मा के अनुसार अन्य कोई कारण समझ नहीं आया है।

ग्रेप लिंग पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता में पीयू को द्वितीय स्थान : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा में हुई प्रतियोगिता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने एक और उपलब्धि हासिल कर विश्वविद्यालय को नाम रोशन किया है। बुधवार को खेलकूद परिषद ने कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य से मिलकर विजेता शील्ड भेंट किया। पीयू की पुरुष एवं महिला टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय को शील्ड दिलाया। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ग्रेप लिंग पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा में 31 मार्च 2022 से 4 अप्रैल 2022 तक संपन्न कराई गई। इसमें विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि पीयू के विद्यार्थी खेलकूद में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जो हमारे विश्वविद्यालय के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विजयी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन में कोई कमी नहीं करेगा। कुलसचिव और खेलकूद परिषद के सचिव ने कहा कि हमारे खिलाड़ी और खेलकूद परिषद के सभी लोग कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसके चलते लगातार हमारा प्रदर्शन अच्छा हो रहा है। इसी के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारियों शिक्षकों और कर्मचारियों ने जीत पर खुशी का इजहार करते हुए खेलकूद परिषद को बधाई दी। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय प्रो. मानस पांडेय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. देवराज सिंह, डा. विजय तिवारी, अशोक सिंह, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डा. सुनील कुमार, डा. राजेश सिंह, रजनीश सिंह, अरूण आदर्श, डॉ पीके कौशिक, अशोक सिंह, डॉ सुशील प्रजापति, डॉक्टर आरके जैन समेत कई शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

नैक मूल्यांकन से संबंधी सभी सूचनाओं को दो दिन में ही दें: कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को नैक मूल्यांकन के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस.घ्मौर्य ने सभी सहायक कुलसचिव और अधीक्षकों को निर्देश दिया कि पूरे 6 साल का डाटा तैयार कर कमेटी को दो दिन में प्रेषित करें। नैक मूल्यांकन की सेवन क्रैटेरिया से संबंधित सभी सूचनाओं का सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट होना जरूरी है। सभी सूचनाएं पारदर्शी और सत्यापित हो। लखनऊ नैक मंथन की मीटिंग से लौटने के बाद वहां बताए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का सभी को निर्देश दिया गया। परीक्षा विभाग से परीक्षा फार्म भरने से लेकर परीक्षाफल घोषित होने तक की सभी प्रक्रियाओं का विवरण माना गया है। मांगी गई सूचनाओं में हर चीज की प्रक्रिया पारदर्शी हो इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने अपने सभी मातहतों को निर्देश दिया कि समस्त सूचनाएं हार्ड और सॉफ्ट कॉपी में दो दिन के अंदर हर हाल में उपलब्ध कराएं ताकि नैक मूल्यांकन तैयारी की गति को बढ़ाई जा सके। सूचना के डाटा और कालम को लेकर अगर कोई दिक्कत आती है तो संबंधित शिक्षक से बैठकर उसे संशोधित कर ले ताकि कोई भी सूचना गलत ना हो। बैठक का संचालन आइक्यूएसी के समन्वयक प्रोफेसर मानस पांडेय ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, बबीता सिंह, प्रो. देवराज सिंह, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ रवि प्रकाश, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सत्यम, डॉ पीके कौशिक, अशोक सिंह, डॉ सुशील प्रजापति, डॉक्टर आरके जैन समेत कई शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

पीयू के मूल्यांकन केंद्र का कुलपति ने किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर पाठ्यक्रमों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण बुधवार को कुलपति प्रो निर्मला एस. मौर्य ने किया। कुलपति ने कहा कि पाठ्यक्रमों का सही समय पर परीक्षाफल आए इसके लिए विश्वविद्यालय समयबद्ध तरीके से मूल्यांकन का कार्य प्रारंभ कर दिया है। शिक्षकों को समय से मूल्यांकन के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों से मूल्यांकन के संबंध में जानकारी भी ली। तकनीकी सेल के समन्वयक डॉ अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि परिसर परीक्षाओं का समय से परीक्षाफल आये इसके लिए सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ ही मूल्यांकन भी शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षक मूल्यांकन कार्य में पूर्ण सहयोग दे रहे हैं जिससे हम शीघ्र ही मूल्यांकन कार्य को संपन्न कराते हुए परीक्षाफल देंगे। मूल्यांकन एवं परीक्षाफल के लिए डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर एवं डॉ प्रवीण सिंह, डॉ धर्मेंद्र सिंह, सत्यम उपाध्याय, सतीश सिंह, लाल बहादुर आदि को जिम्मेदारी दी गई।

सुर संगम परिवार की तरफ से लगा निःशुल्क प्याऊ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माँ शारदा शक्तिपीठ मैहर देवी मंदिर में सुर संगम परिवार की तरफ से 9 दिनों के लिए निःशुल्क प्याऊ लगाकर श्रद्धालुओ की सेवा में लगा है !सुर संगम परिवार के अध्यक्ष पंकज सिन्हा ने कहा कि इस मंदिर में जितने दर्शनार्थी आते है लोगो को प्यास लगती है ये सुर संगम परिवार इस पावन महीने में निःशुल्क प्याऊ लगाकर लोगो को पानी पिलाकर नेक कार्य कर रहे है ! मंदिर ट्रस्ट परिवार के लोग खूब सराहना कर रहे है!

नगर निकायों एवं बैंकर्स के डी0एल0बी0सी0 टीम की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत 20 हजार के ऋण हेतु आवंटित लक्ष्य की पूर्ति 30 अप्रैल 2022 तक हर हाल में करने एक सम्बन्ध में नगर निकायों एवं बैंकर्स के डी0एल0बी0सी0 टीम की एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे 05 अप्रैल 2022 तक पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत प्रथम ऋण 10 हजार की अदायगी करने वाले सभी स्ट्रीट वेन्डरों का हर हाल में दो–तीन दिवस के अन्दर 20 हजार के ऋण हेतु आनलाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बैंक शाखा प्रबन्धकों एवं एल0डी0एम0 जौनपुर को भी स्पष्ट निर्देश दिये कि आज के दिन तक 20 हजार के ऋण हेतु जितने भी ऑनलाइन आवेदन नगर निकायों के द्वारा बैंकों को भेजे गये हैं, उनका शत–प्रतिशत स्वीकृति व वितरण का कार्य दो–तीन दिवस के अन्दर कराना सुनिश्चित करायें। उन्होंने सभी ई0ओ0 से पीएम स्वनिधि योजना का नगर निकाय की आम भाषा में व्यापक प्रचार–प्रसार कराने तथा सभी वेन्डरों को इस योजना से होने वाले फायदों से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, परियोजना अधिकारी डूडा अनिल कुमार वर्मा, एल0डी0एम0 अनिल कुमार सिन्हा, ई0ओ0 नगर पालिका संतोष कुमार मिश्रा, टी0एस0 ओमप्रकाश यादव सहित अन्य सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, शहर मिशन प्रबन्धक जितेन्द्र सिंह एवं सभी बैंकों के शाखा प्रबन्धक एवं जिला समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

विद्यालय में थानाध्यक्ष ने वितरित किया अंकपत्र व पुरस्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री रामदेव विद्या मंदिर जू0हा0 स्कूल गुरैनी में बीते मंगलवार को शैक्षिक सत्र 2021 –22में उत्तीर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्यालय में अंकपत्र व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में खेतासराय थानाध्यक्ष श्री प्रकाश राय व विशिष्ट अतिथि के रूप में नामित सभासद मनीष गुप्ता रहे। उक्त विद्यालय के कार्यक्रम में प्रत्येक कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को थानाध्यक्ष ने अंकपत्र देकर पुरस्कृत किया। थानाध्यक्ष के हाथों पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। पुरस्कार वितरण के पश्चात महिला कांस्टेबल ने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जागरूक भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के। अध्यक्ष रामदेव गुप्ता, प्रधानाचार्य सरोज यादव,डॉ0अमलेंद्र,चंद्र शेखर, रामयश, आरती, रिया,विद्यालय के समस्त अध्यापक सहित बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पधारें सभी के प्रति प्रबंधक दीपक गुप्ता ने आभार प्रकट किया।

जिलाधिकारी ने नाथूपुर में गेहूं की क्राप कटिंग का किया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने तहसील सदर के ग्राम नाथूपुर में गेहूं की क्राप कटिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने खेत मे पहुंचकर किसान मिथलेश से फसल के सम्बंध न जानकारी प्राप्त की और क्राप कटिंग में लगे अधिकारी व कर्मचारियों से पूछताछ करते हुए यथाशीघ्र क्राप कटिंग पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिये। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अजित जायसवाल, लेखपाल विक्रांत सिंह चौहान, किसान मिथलेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मतदान एवं मतगणना हेतु कार्मिको का कलक्ट्रेट सभागार में दिया गया प्रशिक्षण

जौनपुर सू.वि. : स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र–2022 के मतदान एवं मतगणना हेतु कार्मिको का कलक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निर्देश दिया की निर्वाचन में लगे हुए कार्मिक अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें और निष्पक्षता से कार्य करते हुए शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराये। उन्होंने कहा कि सभी लोग आयोग के दिशा–निर्देशों की जानकारी ले ले। बैठक में उन्होंने बताया कि सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था कर ली गई है और उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जा चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि निर्वाचन में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर0डी0 यादव, मतगणना कार्मिक, माइक्रो ऑब्जर्वर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भाजपा की यात्रा देश और दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय : सीएम योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा के 42वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रदेश मुख्यालय पर सुबह 9 बजे सीएम योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर पार्टी की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) तक चलने वाले समरसता सप्ताह की शुरुआत की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा की यात्रा देश और दुनिया के राजनीतिक विश्लेषकों के लिए आश्चर्य का विषय है। ये यात्रा बहुत कुछ कह देती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना का उद्देश्य यही था कि हमें सत्ता की राजनीति नहीं, हमें भारत के लिए समर्पण का भाव पैदा करने वाले लोगों को एक राजनीतिक दल के रूप में आगे बढ़ाने का कार्य करना है। सीएम योगी ने माइक्रो डोनेशन अभियान के तहत अपनी ओर से निधि भी भेंट की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सेवा समर्पण और सहयोग की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण के अभियान में सहयोग दें। इस अवसर पर प्रदेश मुख्यालय से अम्बेडकर प्रतिमा तक निकाली गई शोभा यात्रा में मुख्यमंत्री शामिल हुए। उन्होंने डॉ भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद थे। प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला व मंडल स्तर पर ध्वजारोहण होगा और शोभायात्रा निकाली जाएगी। पार्टी कार्यकर्ता भी अपने घर पर ध्वजारोहण करेंगे। जिला और मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्री, सांसद, विधायक और पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रदेश मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि 6 से 14 अप्रैल तक रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, अस्पतालों में फल वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व्यवस्था सहित अन्य सेवा कार्य के जरिए समरसता सप्ताह मनाया जाएगा।

वाराणसी में बनेगा यूपी का सबसे बड़ा मॉलः स्थानीय उत्पादों को एक छत के नीचे मुहैया कराने की योजना : लुभाएगी एडवेंचर सिटी

वाराणसी ब्यूरो : दुनिया को लुभाने वाले लकड़ी के खिलौनों से लेकर बनारसी साड़ियों सहित बनारस की पहचान बन चुके हर उत्पाद को एक छत के नीचे मुहैया कराने की तैयारी है। वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) इसके लिए रिंग रोड पर एडवेंचर सिटी विकसित करने की तैयारी में है। यहां प्रदेश का सबसे बड़ा मॉल बनाने के साथ ही पर्यटकों को लुभाने के लिए एडवेंचर गेम भी होगा। इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए वीडीए रिंग रोड और बाबतपुर रोड पर जमीन अधिग्रहण के लिए सर्वे करा रहा है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो मानसून से पहले किसानों से वार्ता का क्रम शुरू हो जाएगा। बनारस में तेजी से बढ़ रहे पर्यटकों की संख्या को देखते हुए अब वीडीए ऐसी जगह विकसित करने की योजना में है, जहां लोकल उत्पादों की खरीदारी के लिए पर्यटक आसानी से पहुंच सके और एक ही जगह उन्हें पूरा बनारस दिखाई दे। मॉल में वाटर स्पोर्ट्स, एडवेंचर राइडिंग और इंडोर गेम्स भी दशाश्वमेध प्लाजा का निर्माण पूरा होने के बाद वीडीए एक मॉल बनाने की तैयारी में है, जहां बनारसी साड़ी, खिलौने, हथकरघा, हस्तशिल्प के साथ ही प्रसिद्ध खानपान की चीजें मिलेंगी। इसके साथ ही पर्यटकों को आर्टिफिशियल वाटर स्पोर्ट्स, एडवेंचर राइडिंग (झूला) सहित अन्य लुभाने वाले इंडोर गेम की सुविधा मिलेगी। इस परियोजना को शहर के बाहर विकसित करने के लिए रिंग रोड या बाबतपुर रोड पर जमीन चिन्हित की जा रही है। यहां बता दें कि इस परियोजना को वीडीए नो प्रॉफिट–नो लॉस के आधार पर धरातल पर उतार सकता है। किसानों से सहमति के आधार पर होगा अधिग्रहण वीडीए की ओर से कराए जा रहे सर्वे में रिंग रोड और बाबतपुर रोड पर जमीन चिन्हित की गई है। मगर, वीडीए अपने पुराने अनुभवों की वजह से पहले किसानों से सहमति लेगा और इसके बाद ही अधिग्रहण के लिए आगे बढ़ेगा। चिन्हित जमीन के किसानों से वीडीए अधिकारी बैठक करेंगे और अधिग्रहण से पहले उनसे बाकायदा एग्रीमेंट करेंगे। पर्यटकों को होगी सहूलियत दरअसल, बनारस के प्रसिद्ध उत्पाद अलग–अलग इलाके में मिलने की वजह से कम समय (एक–दो दिन) की यात्रा पर आने वाले पर्यटक खरीदारी नहीं कर पाते। काशी विश्वनाथ के भव्य स्वरूप निर्माण के बाद आम दिनों में एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु बनारस आ रहे हैं और विशेष अवसरों पर यह संख्या पांच से 10 लाख तक पहुंच रही है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस माल के जरिए बनारसी उत्पादों को ले जा सकेंगे। वीडीए की उपाध्यक्ष ईशा दुहन ने कहा कि रिंग रोड या बाबतपुर रोड पर जमीन अधिग्रहीत कर एक मॉल बनाने की योजना है, इसमें बनारस के सभी उत्पादों को जगह दी जाएगी। ताकि पर्यटकों को बनारस के उत्पाद बिना किसी मशक्कत के एक ही जगह सभी सामान मिल जाए।



आईआईटी बीएचयू के सहयोग से प्रदेश की 60 नदियों का होगा पुनरुद्धार : खाका तैयार

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी समेत प्रदेश भर की 60 नदियों के पुनरुद्धार कराने की तैयारी चल रही है। काशी की वरुणा, गोमती, बाणगंगा, नंद, करमनासा, गड़ई सहित कई नदियों का पुनरोद्धार और संरक्षित किया जाएगा। इसमें आईआईटी बीएचयू, कानपुर और रुड़की का भी सहयोग लिया जाएगा। मंगलवार को शासन स्तर से हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में इसका खाका तैयार कर लिया गया है। बैठक में इससे जुड़े कई बिंदुओं पर मंथन किया गया। प्रदेश की 60 नदियों के पुनरोद्धार की कवायद चल रही है। मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्य विकास अधिकारी, बंधी प्रखंड के एक्सईएन, सिंचाई विभाग समेत कई विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इसमें नदियों को एक दूसरे से जुड़कर खाका तैयार किया गया। सिंचाई विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस काम में कानपुर, रुड़की सहित बीएचयू आईआईटी का भी तकनीक सहयोग लिया जाएगा। बैठक में शामिल आईआईटी बीएचयू के प्रो. प्रभात कुमार सिंह ने भी इस पर अपनी राय रखी। प्रदेश स्तर की ऑनलाइन बैठक में तमाम विशेषज्ञों ने आगे की रणनीति तैयार करने की बात कही। परियोजना के तहत बनारस समेत प्रदेश की 60 नदियों का पुनरुद्धार किया जाएगा। जिन नदियों का पुनरोद्धार किया जाएगा, उसमें वाराणसी में असि, प्रयागराज, जौनपुर, भदोही और वाराणसी में वरुणा के साथ ही जालौन, लखनऊ, उन्नाव आदि प्रमुख है।

कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : सुनील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल आफिसर्स एसोसिएशन वाराणसी मंडल के कार्यकारिणी का विस्तार मंगलवार को किया गया। जिसमें जिला बेसिक कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार यादव को वाराणसी मंडल का संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। यह अहम बैठक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुई। इस मौके पर मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में वाराणसी मंडल से आए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपेंद्र कुमार श्रीवास्तव व सचिव सुभाष सिंह मौजूद रहे। पदाधिकारियों के चयन के बाद उपस्थित जनों ने सुनील कुमार को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस स्वागत से अभिभूत सुनील कुमार ने संगठन के लोगों को भरोसा दिया कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे बखूबी निभाऊंगा। उन्होंने अपने सभी वरिष्ठ और सहयोगी साथियों को भरोसा दिया कि संगठन किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगा। यह मनोनयन यूपी एजुकेशन मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दीपेंद्र कुमार श्रीवास्तव व सचिव सुभाष सिंह की अध्यक्षता में कार्यसमिति की बैठक में किया गया। सुनील कुमार के मनोनयन पर जिला बेसिक अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल, विंध्यवासिनी उपाध्याय, नरेंद्र सिंह, जयकुमार यादव, विजय शंकर, अरुण श्रीवास्तव ,विजय शर्मा, गरिमा, दिनेश कुमार ,अखिलेश यादव ने माला पहनाकर सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान योगेश कुमार, इन प्रकाश , वीरेंद्र कुमार, उमेश, संजय सिंह, दिलीप प्रजापति मौजूद रहे।

जेलों में सुधार के लिए अर्थ दंड न जमा कर पाने के कारण बंद 135 कैदियों को आज रिहा करने का फरमान

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश की विभिन्न जेलों से बुधवार को 135 कैदियों को रिहा किया जाएगा। ये वे कैदी हैं जो अर्थदंड जमा न कर पाने के कारण लंबे समय से बंद हैं। कारागार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कहा है कि इन कैदियों को मानवीय आधार पर रिहा करने का फैसला किया गया है। उन्होंने जेलों में सुबह गायत्री मंत्र या महामृत्युंजय मंत्र का पाठ करने, प्रवचन और सत्संग का आयोजन करने पर विचार करने को कहा है। वे मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कारागार विभाग से संबंधित शिकायतों को दर्ज करने के लिए एक टोल फ्री नंबर जारी करने को कहा। जेलों में कैदियों से मुलाकात की ऑफलाइन व्यवस्था को धीरे–धीरे खत्म कर उन्होंने ऑनलाइन व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कैदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इससे कैदी अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद बना सकेंगे जिनकी बाजार में अच्छी कीमत मिल सकेगी। मंत्री ने कहा कि विभाग से संबंधित कोई भी कर्मी कभी उनसे मुलाकात कर अपनी बात कह सकता है। उन्होंने जेल विभाग में मिट्टी के

बर्तनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने को कहा। उन्होंने कहा कि विभाग के 100 दिन की कार्ययोजना में अधिकारियों के सुझावों को शामिल करने का आश्वासन दिया। विभागीय रिक्तियों को भरने के लिए प्रस्ताव पेश करने के भी निर्देश विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को दिए हैं। बैठक में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही भी मौजूद थे।

जमीन की पैमाइश के लिए चक्कर काटने से छुट्टी : राजस्व परिषद ने लागू की ऑनलाइन व्यवस्था : घर बैठे होगा काम

लखनऊ ब्यूरो : सीमा संबंधी विवाद में जमीन की पैमाइश के लिए अब न तहसील का चक्कर काटना होगा, न ही राजस्व निरीक्षक व लेखपाल की जी–हुजूरी करनी पड़ेगी। राजस्व परिषद ने पैमाइश के लिए आवेदन से लेकर आदेश तक की पूरी कार्रवाई ऑनलाइन कर दी है। परिषद की आयुक्त एवं सचिव मनीषा त्रिघटिया ने समस्त मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किया है। प्रदेश सरकार ने लोगों की सहूलियत व उन्हें दौड़धूप से बचाने के लिए ईज ऑफ लिविंग प्लान के तहत यह व्यवस्था लागू की है। आयुक्त एवं सचिव ने कहा है कि राजस्व संहिता की धारा–24 के अंतर्गत सीमा संबंधी विवाद के निपटारे के लिए ऑनलाइन प्रार्थना पत्र प्राप्त करने व उसके निस्तारण की कार्रवाई लागू की गई है। इस तरह करें आवेदन पैमाइश की ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए आरसीसीएमएस पोर्टल ीजजचः ध्अंक. नच.दपब.पद पर 'उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 धारा 24 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन' माड्यूल का लिंक उपलब्ध करा दिया गया है। इस लिंक पर यूजर मैनुअल व दिशा–निर्देश

की प्रति भी उपलब्ध कराई गई है। पैमाइश के लिए ऑनलाइन आवेदन व 1000 रुपये शुल्क का भुगतान नेट बैंकिंग/यूपीआई के माध्यम से करना होगा। भुगतान होते ही ऑनलाइन आवेदन/वाद एसडीएम न्यायालय में दर्ज हो जाएगा। एसडीएम वाद को तहसीलदार को और तहसीलदार राजस्व निरीक्षक को स्थानांतरित करेगा। राजस्व निरीक्षक पैमाइश की तिथि व समय तय करेगा तथा नोटिस जारी करेगा। तय तिथि पर पैमाइश के बाद राजस्व निरीक्षक अपनी रिपोर्ट (विवादित/अविवादित के रूप में) दर्ज करेगा और संबंधित अभिलेख व रिपोर्ट एसडीएम न्यायालय में उपलब्ध कराएगा। एसडीएम अंतिम रिपोर्ट मिलने पर आदेश करेगा। विवादित होने की दशा में वाद राजस्व न्यायालय में चलेगा।

वाराणसी में जगह–जगह मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस समारोह : निकाली गई शोभायात्रा

वाराणसी ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस समारोह आज वाराणसी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रोहनिया स्थित पार्टी कार्यालय समेत कई स्थानों पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। शहर में कई जगहों पर शोभायात्रा/ प्रभातफेरी भी निकाली गई। इस दौरान पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह रहा। वहीं मां गंगा की आरती कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने आशीर्वाद भी लिया। भाजपा के 42वें स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय कार्यालय रोहनिया में क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुबह 10 बजे पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना और पार्टी के हितों के लिए कार्य का संकल्प लिया। पीएम मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण गुलाब बाग कार्यालय समेत अन्य स्थानों पर भी हुआ। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित कर दुनिया के सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने के लिए जुझारू कार्यकर्ताओं के योगदान को भी सराहा। इधर, क्षेत्रीय

कार्यालय से रोहनिया गांधी चबूतरा तक भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने शोभायात्रा निकाली।भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के काशीक्षेत्र उपाध्यक्ष अनुप जायसवाल ने अपने आवास पर दलित कन्या पूजन किया। चैत्र नवरात्र को देखते हुए दलित कन्या पूजन कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देवी स्वरूपा कन्याओं से भाजपा की निरंतर सफलता का आशीर्वाद मांगा।

भीषण गर्मी से बदहाल बनारसः अगले चार दिनों तक हीटवेव चलने के आसार : 44 डिग्री पहुंच सकता है पारा

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में पिछले दो तीन दिनों से मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिला है। दिन में तेज धूप के साथ ही गर्म पुरवा हवाओं का ही असर है कि तपिश भी बढ़ती जा रही है। तापमान में भी बढ़ोत्तरी जारी है। इस वजह से राह चलना मुश्किल हो गया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार तापमान में बढ़ोत्तरी अभी जारी रहने की संभावना है। मंगलवार को तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया लेकिन इस सप्ताह में ही इसके 44 तक पहुंचने की संभावना है। भीषण गर्मी से जूझ रहे काशीवासियों पर आसमान से आग बरस रही है और सूरज की तपिश रोजाना नये रिकार्ड कायम कर रही है। अप्रैल के पहले सप्ताह से ही दिन में तेज धूप हो रही है। इस बीच अगले चार दिनों तक हीटवेव के चलने की संभावना भी मौसम विभाग ने जताई है। उसका असर भी देखने को मिल रहा है। मंगलवार को 15 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं भी चल रही थी। इस वजह से दोपहर में शहर में कई जगहों पर सड़क पर सन्नाटे जैसा माहौल था। हालांकि शाम को जब धूप थोड़ी कम हुई तो लोगों ने राहत महसूस की। मौसम वैज्ञानिक एसएन पांडेय ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से राजस्थान,

गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा सहित अन्य जगहों पर तापलहरी चल रही है, उसका असर वाराणसी और आसपास के जिलों में भी देखने को मिल रहा है। अभी तीन चार दिन ऐसा ही मौसम देखने को मिलेगा। यहां हीटवेव चलने के आसार हैं।

चैत्र रामनवमी के चलते अयोध्या दतौली धाम सरकार ओम नारायण दास ने मानव कल्याण के लिए धार्मिक निःशुल्क एवं निस्वार्थ सेवा के लिए तत्पर

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। राम नगरी अयोध्या की इस पावन धरती पर अयोध्या शहर से 15 किलोमीटर दूर दतौली धाम सरकार के महाराज ओम नारायण दास ने चौतराम नवमी पर मानव कल्याण के लिए 9 दिन का अनुष्ठान कार्य कर रहे हैं जो मानव के कल्याण और समाज में फैली हुई कुरीतियों को दूर करने के लिए अपना संघर्ष जारी किए हुए हैं, दतौली धाम पर प्रदेश के कोने–कोने से लोग आते हैं और उनकी कृपा के पात्र होते हैं। इन्होंने अपने गुरु जी को वचन दिया कि मानव सेवा निःशुल्क एवं निस्वार्थ रूप से करते रहेंगे। ओम नारायण दास महाराज चौत्र रामनवमी के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी।रामनवमी का त्यौहार चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी मनाया जाता है। हिंदू धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन मर्यादा–पुरूषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ था।रामनवमी के त्यौहार का महत्व हिंदु धर्म सभ्यता में महत्वपूर्ण रहा है। इस पर्व के साथ ही माँ दुर्गा के नवरात्रों का समापन भी होता है। हिन्दू धर्म में रामनवमी के दिन पूजा अर्चना की जाती है। रामनवमी की पूजा में पहले देवताओं पर जल, रोली और लेपन चढ़ाया जाता है, इसके बाद मूर्तियों पर मुट्ठी भरके चावल चढ़ाये जाते हैं। पूजा के बाद आघ्रती की जाती है। कुछ लोग इस दिन व्रत भी रखते है।लेकिन क्या आप जानते हैं कि राम नवमी का इतिहास क्या है? महाकाव्य रामायण के अनुसार अयोध्या के राजा दशरथ की तीन पत्नियाँ थीं लेकिन बहुत समय तक कोई भी राजा दशरथ को संतान का सुख

नहीं दे पायी थी। जिससे राजा दशरथ बहुत परेशान रहते थे। पुत्र प्राप्ति के लिए राजा दशरथ को ऋषि वशिष्ठ ने पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराने को विचार दिया। इसके पश्चात् राजा दशरथ ने अपने जमाई, महर्षि ऋष्यश्रृंग से यज्ञ कराया। तत्पश्चात यज्ञकुंड से एक दिव्य पुरुष अपने हाथों में खीर की कटोरी लेकर बाहर निकले।यज्ञ समाप्ति के बाद महर्षि ऋष्यश्रृंग ने दशरथ की तीनों पत्नियों को एक–एक कटोरी खीर खाने को दी। खीर खाने के कुछ महीनों बाद ही तीनों रानियाँ गर्भवती हो गयीं। ठीक 9 महीनों बाद राजा दशरथ की सबसे बड़ी रानी कौशल्या ने राम को जो भगवान विष्णु के सातवें अवतार थे, कैकयी ने भरत को और सुमित्रा ने जुड़वा बच्चों लक्ष्मण और शत्रुघ्न को जन्म दिया। भगवान राम का जन्म धरती पर दुष्ट प्राणियों को संघार करने के लिए हुआ था।

शिक्षक से 70 लाख की ठगी करने वाले दो साइबर अपराधी दबोचे

अलीगढ़ ब्यूरो : साइबर अपराधी ठगी के नायाब तरीके खोजकर लोगों को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में शातिरों ने इगलास के एक शिक्षक से इंश्योरेंस पॉलिसी पर बोनस दिलाने का झांसा देकर 70 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना रेंज पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर शातिरों के गिरोह के दो सदस्यों को नोएडा से दबोच लिया। अब सरगना समेत गिरोह से जुड़े सदस्यों की तलाश की जा रही है। इस ठगी में बिहार के तीन युवकों के नाम प्रकाश में आए हैं। पुलिस ने ठगी गई रकम में से दो अलग–अलग बैंकों में पांच लाख रुपये की राशि को फ्रीज करा दिया है। सबसे खास बात है कि शातिरों ने इस रकम को 17 अलग–अलग खातों में ट्रांसफर करा लिया था। पूरा गिरोह नोएडा से संचालित हो रहा था। रेंज साइबर क्राइम थाने के पर्यवेक्षण अधिकारी–सीओ तृतीय श्वेताभ पांडेय व साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को इस प्रकरण में पुलिस लाइन में मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इगलास के शिक्षक अनिल कुमार बंसल के साथ पिछले दिनों 70.58 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। इस ठगी को साइबर शातिरों ने लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का अधिकारी बनकर अंजाम दिया था। लालच में आकर बेच दी जमीन, पत्नी के जेवर रख दिए गिरवी साइबर शातिरों के लालच में शिक्षक अनिल कुमार बंसल ने अपनी जमीन को बेच दिया। बैंक में अपनी एफडी को तोड़ने के साथ ही पत्नी के लाखों के जेवरात भी बेच डाले थे। इसके अलावा कुछ कर्जा लेकर भी साइबर शातिरों के बताए गए खातों में रकम को ट्रांसफर कराया था। ऑनलाइन डाटा कर लिया था चोरी शातिरों ने शिक्षक की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी का ऑनलाइन डाटा चोरी कर लिया था। डाटा से मिले मोबाइल फोन नंबर के जरिए शिक्षक अनिल कुमार बंसल को फोन किया और पॉलिसी पर 12 लाख रुपये का बोनस देने का लालच दिया। शातिरों

ने इस रकम का फर्जी चेक तैयार किया और वाट्सएप पर भेज दिया। इसके बाद शातिरों ने चेक को कैश कराने के नाम पर तमाम प्रक्रिया बताते हुए धीरे–धीरे कर पैसे ऐंठना शुरू कर दिया। करीब ढाई माह में शिक्षक को झांसा देकर उनके खाते से 70.58 लाख रुपये की रकम अलग–अलग खातों में जमा करा ली। फरवरी में शिक्षक को खुद के साथ ठगी होने का अभास हुआ तो उन्होंने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। तीन बैंक खातों में ट्रांसफर कराए रुपये पुलिस जांच में साफ हुआ कि साइबर शातिरों ने तीन बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर कराए थे। जिनमें एक सूरज कुमार सिंह निवासी संगम विहार कॉलोनी, साउथ दिल्ली, अमर सिंह निवासी वंदना एंक्लेव, खेड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद व तीसरे यश कुमार निवासी सेक्टर–5, ग्राम हरोला, नोएडा के नाम पर हैं। पुलिस ने आरोपी यश कुमार उसके साथी चमन कुमार उर्फ चौंटा निवासी हरोला, थाना फेस–1, नोएडा को महिला पार्क सेक्टर–5, नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह गिरोह के लिए पैसे एक खाते से दूसरे खाते में भेजने का काम करते हैं। इस कार्य में उनके साथ बिहार निवासी दीपक, चंदन समेत तीन लोग उनके संपर्क में रहते हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन, सिम कार्ड बरामद हुए हैं। ऑनलाइन होता है सारा खेल पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि ठगी के सारे काम ऑनलाइन ही होते हैं। गिरोह का कोई भी सदस्य एक– दूसरे से मिलता नहीं है। केवल फोन से ही एक–दूसरे से संपर्क करते हैं।

अलीगढ़ में बेटी पैदा होने पर दरोगा ने पत्नी को दिया तीन तलाक

अलीगढ़ ब्यूरो : सिविल लाइंस थाने की मेडिकल चौकी पर तैनात दरोगा नौशाद अली पर उनकी पत्नी ने बेटी पैदा होने पर व्हाट्स एप पर ही तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मार्च में गाजियाबाद में पति आदि ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, मंगलवार को महिला एसएसपी से मिली और पूरा घटनाक्रम बताते हुए मदद मांगी। एसएसपी कार्यालय पहुंची कवि नगर गाजियाबाद की महिला करीना बानो ने बताया कि उसका निकाह 29 दिसंबर 2019 को मूल रूप से मैनपुरी नगला कवर गोला बाजार के नौशाद अली से हुआ था। उस समय दहेज दिया गया था। मगर उस दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे और शुरुआत से उसे ताने दिए जाने लगे। पति द्वारा मारपीट की गई। सरकारी पिस्टल तक दिखाकर धमकाया गया। इसी बीच 11 अक्तूबर 2020 को बेटी हुई। इसके बाद दहेज में बुलेट बाइक मांगी गई। पीटा भी गया। इससे तंग आकर 25 मार्च को पति नौशाद अली, सास अनीस बेगम, देवर अफाक अली, जेठ इरशाद अली व चार ननद को नामजद कर गाजियाबाद के महिला थाना में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। इधर, एसएसपी के सामने मंगलवार को पेश हुई महिला ने व्हाट्स एप पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। इस मामले में एसएसपी स्तर से जांच के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है।

इंदिरापुरम की शिप्रा रिगालिया हाइट सोसायटी में सीए के घर पर ईडी की छापेमारी : ये है आरोप

गाजियाबाद ब्यूरो : गाजियाबाद के इंदिरापुरम की शिप्रा रिगालिया हाइट सोसायटी में रहने वाले एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के घर पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम बुधवार सुबह छापा मारने के लिए पहुंची है। इंदिरापुरम की शिप्रा सनसिटी सोसायटी की रिगालिया हाइट्स में रहने वाले सीए समर त्रेहान के फ्लैट नम्बर –1306 में बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की। टीम के पहुंचने से पहले ही समर अपने परिवार के साथ फ्लैट बंद कर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम सुबह करीब 6.00 से 7.00 बजे के करीब पहुंची, वहां ताला तोड़कर टीम ने फ्लैट में जांच शुरू की, जोकि अभी तक जारी है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक समीर त्रेहान घर से ही सीए का काम करते थे। वह कालेधन को विभिन्न स्थानों पर लगाकर सफेद करने का काम करते थे। एक कंपनी की ब्लैक मनी को उन्होंने ह्वाइट किया था। यहीं से ईडी को समीर त्रेहान के बारे में जानकारी मिली और अब जांच शुरू हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि समीर ने पिछले ढाई साल से सोसायटी का मेंटेनेंस चार्ज जमा नहीं किया है। रविवार को आरडब्ल्यूए की जनरल बॉडी मीटिंग में पदाधिकारियों ने समीर को करीब 60–70 हजार रुपया बकाया जमा करने के लिए कहा था। लोगों में यह भी चर्चा है कि समीर ने दिल्ली–एनसीआर में फ्लैट भी खरीदे हैं। इसके अलावा सोसायटी की पार्किंग में उनकी 4 से 5 गाड़ियां भी खड़ी हुई हैं।

अयोध्या में मनाया गया भाजपा का 42 वां स्थापना दिवस

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में भाजपा कार्यालय पर भी भाजपा का 42वां स्थापना दिवस मनाया गया। भाजपा कार्यालय पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संबोधन को नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुना। सांसद लल्लू सिंह का बयान दिया कि भाजपा का 42 वां स्थापना दिवस पूरे देश में मनाया जा रहा है।कार्यकर्ताओं से अपील की गई वे समाज सेवा का काम करे।इसी उद्देश्य को लेकर भाजपा की स्थापना हुई थी। भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम उसके बाद समाज सेवा।इसी को लेकर भाजपा आगे बढ़ रही है। भाजपा आज पूरे देश में अपने कार्यकर्ताओं के बल पर मोदी जी के नेतृत्व में मोदी जी के नाम पर गांव गांव घर घर भाजपा की पहचान बनी है।गरीब किसान झुग्गी झोपड़ी व किसानों की जिस प्रकार से मोदी जी ने सेवा की है जिस प्रकार से उनकी चिंता की है उसके कारण भाजपा का जनाधार बढ़ा है।स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री ने यही मार्गदर्शन दिया है।

प्रशासन सख्त : नकल माफिया पस्त

अलीगढ़ ब्यूरो : कभी नकल के लिए बदनाम रहे अतरौली तहसील क्षेत्र में शासन–प्रशासन की सख्ती के कारण नकल माफिया के मंसूबे फेल हो गए हैं। सोमवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान तीन परीक्षार्थियों को पकड़ा गया था। एक समय यहां पर परीक्षा देने के लिए गैर प्रांतों के छात्रों का जमावड़ा रहता था। गांवों में एक महीने तक कमरे किराये पर उठ जाते थे। इसके अलावा, निजी स्कूलों का आलम ये था कि साल भर उनमें या तो भूसा भरा रहता था या जानवर बंधा करते थे। मगर परीक्षा के दिनों में केंद्र बनने के कारण उनमें परीक्षाएं हुआ करती थीं। अगर जिले में कुल 300 परीक्षा केंद्र हैं तो अकेले अतरौली तहसील में 100 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए जाते थे। हाल ही बलिया में पेपर आउट की घटना हो या दूसरे जिलों या अन्य तहसीलों में परीक्षा केंद्रों पर उपद्रव की घटनाएं हुईं। इसके बाद भी अधिकारियों का फोकस सिर्फ अतरौली पर ही रहता है। कारण यह कि अतरौली में स्कूलों की संख्या अधिक थी। यहां परीक्षा फॉर्म भी अधिक ही भरे जाते थे। एक दौर में लाखों परीक्षार्थी जब अतरौली में परीक्षा देने जाते तो गांव गुलजार हो जाया करते थे। वह वक्त वर्ष 2000 से 2012 के बीच का था। इस एक दशक के दौर में 3–3 लाख की संख्या में परीक्षार्थी यहां पहुंचते थे तो परीक्षा केंद्रों पर भीड़ रहती थी। गांवों में कमरे भी किराए पर उठते थे। एक महीने तक गांवों में परीक्षार्थियों का जमावड़ा लगा रहता था। परीक्षा केंद्रों की संख्या और परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण अधिकारियों का फोकस भी अतरौली पर रहता था। लेकिन ऐसा नहीं है कि नकल का खेल सिर्फ अतरौली में ही होता था। बाद में यह खेल जिले की दूसरी तहसीलों और दूसरे जिलों में भी शुरू हो गया। गोंडा, खैर, अकराबाद, इगलास आदि ब्लॉकों में परीक्षा के दौरान केंद्र पर उपद्रव की घटनाएं भी हुईं लेकिन अधिकारियों का फोकस अतरौली पर ही रहता था। नकल माफिया का था भौकाल नकल माफिया के भौकाल का आलम ये था कि अधिकारी नकल के खिलाफ छापा मारने या कार्रवाई से घबराया करते थे। नकल रोकने पर हुई कार्रवाई के विरोध में वे छात्रों को आगे कर उपद्रव कराया करते थे। एक मर्तबा तो माध्यमिक शिक्षा के अधिकारी को बंधक तक बना लिया। इसके बाद वहां चेकिंग करने से अधिकारी घबराने लगे। कभी किसी केंद्र पर टीम को भगाने, किसी पर पथराव करने की शिकायत हर वर्ष आया करती थी। मगर जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश अग्रवाल के कार्यकाल में हुई सख्ती के बाद यहां भीड़ छंटने लगी। बाहरी परीक्षार्थियों पर अंकुश लगा और अब परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी ने तो नकल माफिया ध्वस्त कर दिए। पेपरों की संख्या कम होने से नकल पर लगी रोक एक तरफ नकल पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने तमाम जतन किए। यूपी बोर्ड में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में प्रत्येक विषय का एक पेपर होना और हाईस्कूल में ग्रेडिंग सिस्टम भी नकल रोकने में कारगर साबित हुई। ग्रेडिंग होने से दूसरे जिलों के छात्रों ने परीक्षा फॉर्म भरना बंद कर दिया। इसके बाद नकल का धंधा धीरे धीरे बंद होता चला गया, जो स्कूल कभी परीक्षा केंद्रों के समय गुलजार रहते थे, आज उनमें ताला लटका है या फिर कमरों में भूसा आदि भरा हुआ है।

गमछे से गला घोंटकर महिला की हत्या

अलीगढ़ ब्यूरो : महानगर के क्वार्सी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक महिला की गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को नगला किला रोड पर फेंक दिया गया। शव पड़ा देख राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। मृतका के गले से गमछा लिपटा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। शिनाख्त न होने के कारण पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। एक महिला को अज्ञात हत्यारों ने गमछे से गला घोंटकर बेहरमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को नगला किला रोड पर सड़क किनारे फेंक दिया। मंगलवार सुबह राहगीरों ने जब शव को देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्वार्सी इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वारदात को कहीं दूसरी जगह अंजाम दिया गया है। पहचान छिपाने के लिए शव को यहां फेंका गया है। मृतका की उम्र लगभग 30 वर्ष प्रतीत हो रही है। वह नीले रंग की साड़ी पहने है। गले से गमछा लिपटा हुआ था। मुंह से खून निकल रहा था। दाहिने हाथ पर महीपाल नाम लिखा है। अभी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं । शिनाख्त के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।